नव भारत
राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से

# युद्ध से विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट

## होर्मूज से जहाज निकालने के लिए किसी की मंजूरी की जरूरत नहीं : मोदी

**नई दिल्ली, 24 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संसद के उच्च सदन में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर कहा कि युद्ध और उससे बनी परिस्थितियों से हम सभी परिचित हैं. पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध को तीन सप्ताह से अधिक का समय हो चुका है. इस युद्ध ने पूरे विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है. भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है.**

इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं. इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टिलाइजर जैसे जरूरी सामान के रूटीन सप्लाई प्रभावित हो रही है. पीएम ने कहा कि आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा. उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि होर्मूज से जहाज निकालने के लिए किसी की मंजूरी की जरूरत नहीं है.

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकार की कोशिश है कि ईंधन के किसी एक ही स्रोत पर ज्यादा निर्भरता ना रहे. सरकार घरेलू गैस सप्लाई में एलपीजी के अलावा पीएनजी पर भी बल दे रही है. बीते दशक में देश में पीएनजी कनेक्शन पर अभूतपूर्व काम हुआ है. साथ ही, एलपीजी के घरेलू उत्पादन को भी बड़े पैमाने पर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है.



### केंद्र सरकार ने आज सर्वदलीय बैठक बुलाई

भारत सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संकट को लेकर बुधवार शाम 5 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है. बैठक में सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है. वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हालिया वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा घटनाओं के मद्देनजर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की. इस बैठक में भारत की रक्षा तैयारियों की भी समीक्षा की गई. बैठक में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंग, जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर कामत सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी से की बात



**वॉशिंगटन, 24 मार्च.** ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया संकट के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मंगलवार को फोन पर बात की. भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी. मौजूदा संकट के बीच दोनों नेताओं में यह बातचीत वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिहाज से अहम मानी जा रही है. गोर ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच बातचीत के दौरान मौजूदा स्थिति को लेकर चर्चा हुई. दोनों नेताओं ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने की अहमियत पर भी बातचीत की. मिडिल ईस्ट में जंग शुरू होने बाद राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच यह पहली बातचीत बताई जा रही है.

### 70 हजार करोड़ से बन रहे हैं स्वदेशी जहाज

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि हर सेक्टर में दूसरे देशों पर निर्भरता कम से कम हो. हम ज्यादा से ज्यादा आत्मनिर्भर हों, यही एकमात्र विकल्प है. जैसे भारत का 90 प्रतिशत से अधिक तेल विदेशी जहाजों पर होता है, यह स्थिति किसी भी वैश्विक संकट में भारत की स्थिति को और भी गंभीर बना देती है. इसलिए सरकार ने मेड इन इंडिया जहाज बनाने के लिए करीब 70 हजार करोड़ रुपए का अभियान शुरू किया है. भारत आज शिप बिल्डिंग, शिप ब्रेकिंग, मेंटेनेंस एंड ओवरहालिंग, ऐसी हर सुविधा का निर्माण पर तेज गति से कम कर रहा है.

## एक नजर में




### हरीश राणा का दिल्ली के एम्स में निधन

**नई दिल्ली.** पिछले 13 साल से कोमा में पड़े गाजियाबाद के हरीश राणा का दिल्ली के एम्स में निधन हो गया है. सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की इजाजत मिलने के बाद हरीश राणा को बीते रविवार को एम्स में शिफ्ट किया था, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनकी इच्छामृत्यु की प्रक्रिया पूरी की गई. बता दें कि हरीश का परिवार मूल से रूप से हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है, लेकिन बाद में उनके पिता परिवार को लेकर दिल्ली आ गए थे. हरीश के इलाज के लिए उनके पिता को दिल्ली का अपना घर बेचना पड़ा और पूरा परिवार गाजियाबाद में एक छोटे से फ्लैट में आकर रहने लगा था. भारत में इच्छामृत्यु पाने वाले हरीश राणा पहले व्यक्ति थे.

### टोंगा तट के पास 7.6 तीव्रता का आया भूकंप

**मॉस्को.** यूरोपीय-भूमध्य सागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएसएसी) ने मंगलवार को बताया कि दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के तट के दक्षिण-पश्चिम में 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है. भूकंप वैज्ञानिकों के अनुसार, यह भूकंप 04.37 जीएमटी पर आया, जो शहर नेइकू से लगभग 158 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में था. इसका केंद्र 218 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था. फिलहाल इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है.




कोरियाई मेगास्टार्स ने शानदार रीयूनियन कॉन्सर्ट के साथ ज़बरदस्त वापसी की !

## एलपीजी से भरे दो जहाज 26 और 27 को आएंगे भारत

**नई दिल्ली, 24 मार्च.** सरकार ने मंगलवार को बताया कि एलपीजी से भरे दो जहाज - पाइन गैस और जग वसंत सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं और भारत की ओर आ रहे हैं.

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि पाइन गैस जहाज 27 मार्च को न्यू मंगलौर पोर्ट पहुंचेगा, जिसमें 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी है. जबकि, जग वसंत जहाज 26 मार्च को कांडला पोर्ट पहुंचेगा, जिसमें 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लोड है. इसके अलावा 20 भारतीय जहाज अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में मौजूद हैं.

## धर्म परिवर्तन पर एससी का दर्जा खत्म

**नई दिल्ली, 24 मार्च.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसले में साफ कर दिया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा नहीं मिल सकता. कोर्ट ने कहा कि धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति का दर्जा स्वत: समाप्त हो जाता है और ऐसे व्यक्ति को एससी/एसटी अत्याचार निवारण कानून का संरक्षण भी नहीं मिलेगा. कोर्ट ने स्पष्ट करते हुए कहा कि ईसाई बने व्यक्ति को एससी/एसटी एक्ट का लाभ नहीं मिलेगा.

दरअसल, आंध्र प्रदेश के रहने वाले एक पादरी चिंथाडा आनंद ने एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया था. उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उन्हें जाति के नाम पर गाली दी, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी. जबकि आरोपी पक्ष ने कहना था कि आनंद ईसाई धर्म अपनाकर पादरी बन गए हैं, इसलिए उन्हें एससी का दर्जा नहीं मिल सकता. आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने इस दलील को सही माना और एफआईआर रद्द कर दी.

## किसान देश के भाग्य विधाता, उनकी समृद्धि हमारा संकल्प : सीएम डॉ. यादव

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 24 मार्च।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सभी क्षेत्रों में निरन्तर आगे बढ़ रहा है। दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं, जहां संकट आया और प्रधानमंत्री मोदी की पहल से भारतीय नागरिकों की घर वापसी सुनिश्चित न की गई हो। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को



दतिया जिले में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बलराम को नमन करते हुए कहा कि किसान ही हमारे देश के भाग्य विधाता हैं। वे सूरज की तपती गर्मी में अपने परिश्रम से सभी के लिए अन्न उगाते हैं। कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए संकल्पित है। प्रदेश के किसान आधुनिक कृषि यंत्रों से खेती करें, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि आधारित उद्योग शुरू कर खाद्य प्र-संस्करण से अपनी आय दोगुनी करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 62.23 करोड़ लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। इसमें सांदीपनि विद्यालय, दैवीय स्थल रतनगढ़ में यात्री निवास, स्टेडियम सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में हितग्राहियों को कृषि यंत्र, पशुपालन, खाद्य प्र-संस्करण के लिए हितलाभ भी वितरित किए।

**मुख्यमंत्री भांडेर में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में हुए शामिल**

कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नीति और नीयत बिल्कुल स्पष्ट है। विधायक प्रदीप अग्रवाल, रघुवीर शरण कुशवाहा, पूर्व विधायक धनश्याम पिरोनिया, कमलापत आर्य, श्रीमती रक्षा संतराम सरोनिया, गजेंद्र सिंह सिकरवार एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

